राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# रोकठोक लेखनी

RNI NO. : MAHHIN/2019/77511

खबरें बे-रोकटोक

वर्ष 07 ■ अंक 46 ■ मुंबई : बुधवार 23 सितंबर 2026 से 29 सितंबर 2026 ■ संपादक : फैसल शेख ■ पृष्ठ : 8 ■ कीमत : 03 रुपये

## मुंबई में सार्वजनिक जगहों पर पटाखे फोड़ने पर रोक, बॉम्बे हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने शोर प्रदूषण की सीमा से ज्यादा शोर करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है। कोर्ट ने शोर और वायु प्रदूषण से जुड़े मुद्दों पर स्वतः संज्ञान लिया और मंगलवार को इस मामले पर जरूरी सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से सवाल पूछे। इसके बाद सरकार ने अपना पक्ष रखा।**





सरकार ने कहा कि त्योहारों और समारोहों के लिए जरूरी मंजूरी तो ली और दी जाती है, लेकिन अगर इन मंजूरियों का उल्लंघन होता है, तो तुरंत कार्रवाई की जाती है।

**सार्वजनिक जगहों पर पटाखे फोड़ने पर रोक**

विस्तृत सुनवाई के बाद बॉम्बे हाई कोर्ट ने सार्वजनिक जगहों पर पटाखे फोड़ने पर रोक लगाने का मौखिक आदेश दिया। जुलूसों के दौरान आवाज बढ़ाने के लिए गैस सिलेंडरों के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी गई। लाउडस्पीकर के बारे में कोर्ट ने निर्देश दिया कि मंजूरी लेना और आधिकारिक परमिट को साफ तौर पर दिखाना जरूरी है। ऐसा न करने पर लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा और उपकरण जब्त कर लिए जाएंगे। कोर्ट ने साफ किया कि ये निर्देश जल्द ही एक औपचारिक लिखित आदेश में जारी किए जाएंगे।


बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि क्या हम लाउडस्पीकर और पटाखों का उपयोग करके भगवान से अतिरिक्त आशीर्वाद प्राप्त करने जा रहे हैं? एक जिम्मेदार समाज के रूप में हमें इन सब पर रोक लगानी चाहिए। उदाहरण के लिए वारी यात्रा (पंढरपुर की पैदल तीर्थयात्रा) को ही ले लीजिए। इसे बिना किसी लाउडस्पीकर या शोर-शराबे के बेहद शांतिपूर्ण तरीके से निकाला जाता है।

### वायु प्रदूषण के मुद्दे पर लिया संज्ञान

अदालत ने धार्मिक यात्राओं के दौरान होने वाले गंभीर ध्वनि और वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सोमवार को स्वत: संज्ञान लिया था। महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता मिलिंद साठे ने कहा कि मुंबई पुलिस ने नौ सितंबर से 26 सितंबर के बीच बिना अनुमति के पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश पारित किया है। उन्होंने बताया कि पटाखों और लाउडस्पीकर पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा हुआ है।

## मैनहोल हादसे के बाद बीएमसी सख्त!

### ठेकेदार मे. न्यू टेक इंफ्रा को ब्लैकलिस्ट करने की सिफारिश...



**मुंबई :** मैनहोल से जुड़ी दुर्घटना के मामले में बीएमसी की उच्चस्तरीय जांच समिति ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं। समिति ने संबंधित ठेकेदार मे. न्यू टेक इंफ्रा को जिम्मेदार मानते हुए उसे काली सूची में डालने की कार्रवाई पूरी करने की सिफारिश की है। जांच रिपोर्ट के अनुसार, मैनहोल पर जालियां लगाने का कार्यादेश वर्ष 2024 से जारी किया जा रहा है। इसलिए इस काम से जुड़े मलनिःसारण सहायक, कनिष्ठ अभियंता, उप अभियंता, सहायक अभियंता तथा अन्य संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों की भी मुख्य अभियंता (दक्षता) के माध्यम से जांच कराने की सिफारिश की गई है।

**मैनहोल खोलने से पहले देनी होगी सूचना**

समिति ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मानक कार्यप्रणाली लागू करने का सुझाव दिया है। मैनहोल खोलने से पहले संबंधित विभाग को काम की जगह, समय, काम करने वाले कर्मचारियों के नाम और सुरक्षा उपकरणों की जानकारी देनी होगी। मैनहोल खोलने से 10 मिनट पहले कंट्रोल रूम को फोन या डिजिटल माध्यम से सूचना देना अनिवार्य करने की सिफारिश की गई है। काम पूरा होने और मैनहोल बंद करने के बाद ठेकेदार को जियो-टैग और टाइम-स्टैम्प वाली तस्वीरें संबंधित अभियंताओं को भेजनी होंगी।

**नियम तोड़ने पर 'जीरो टॉलरेंस'**

रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि मानक कार्यप्रणाली के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन होने पर 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए। जांच समिति ने सहायक आयुक्त 'एल' विभाग के माध्यम से न्यू टेक इंफ्रा को काली सूची में डालने की शुरू की गई कार्रवाई को तत्काल पूरा करने की सिफारिश की है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि 'एल' विभाग के कार्यकारी अभियंता ने साकीनाका पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के संबंध में जांच और कार्रवाई की जानकारी हासिल करने के लिए दो बार पत्राचार किया।





## एफडीए ने मुंबई में पांच प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए...

**मुंबई :** महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने खाद्य सुरक्षा नियमों के कथित उल्लंघन को लेकर मुंबई के पांच प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं, जिनमें महालक्ष्मी रेसकोर्स स्थित रॉयल वेस्टर्न इंडिया टर्फ क्लब के अंदर मौजूद बीजेआरएस (गैलप्स) रेस्तरां भी शामिल है।

एफडीए ने बताया कि वसोर्वा-यारी रोड स्थित गुफरान सीख कॉर्नर, बांद्रा (पश्चिम) में ड्रीमर हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड, मिरारी और बांद्रा वेस्ट तथा मलाड स्थित गुरुकृपा डेयरी प्रोडक्ट्स के लाइसेंस भी निलंबित किए गए हैं। त्योहारी सीजन के बीच एफडीए ने मिलावटी, गलत लेबल वाले, घटिया गुणवत्ता वाले और संदिग्ध घी, खावा, पेड़ा, गुड़, तेल, चाय पाउडर, मिठाइयां और अन्य खाद्य पदार्थ जब्त किए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 30.82 लाख रुपये बताई गई है।

## मुंबई : रेंट पर गरबा पार्टनर विज्ञापन पर बवाल : भाजपा विधायक ने मुंबई पुलिस से की शिकायत; ठगी-ब्लैकमेलिंग की जताई आशंका

**मुंबई :** नवरात्रि शुरू होने से पहले सोशल मीडिया पर सामने आए 'रेंट पर गरबा पार्टनर' विज्ञापन को लेकर मुंबई में विवाद खड़ा हो गया है। विज्ञापन में पैसे लेकर गरबा खेलने के लिए पार्टनर उपलब्ध कराने का दावा किया गया है। मामले को गंभीर बताते हुए भाजपा विधायक संजय उपाध्याय ने मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती से शिकायत कर जांच की मांग की है। विधायक ने आशंका जताई है कि विज्ञापन की आड़ में लोगों के साथ ठगी, ब्लैकमेलिंग या जिस्मफरोशी जैसी आपराधिक गतिविधि को अंजाम दिया जा सकता है।





**सोशल मीडिया पर चल रहा विज्ञापन**

बोरीवली स्थित सेवालय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में संजय उपाध्याय ने बताया कि इंस्टाग्राम पर 'रेंट अ गरबा पार्टनर' नाम से एक विज्ञापन प्रसारित हो रहा है। उनके मुताबिक, विज्ञापन में अलग-अलग समय और पैकेज के हिसाब से रकम तय की गई है। विधायक के अनुसार, विज्ञापन में एक घंटे के लिए सिल्वर श्रेणी के गरबा पार्टनर की कीमत 1000 रुपये बताई गई है। वहीं गोल्ड और प्लेटिनम के लिए 1500 और 2000 रुपये के पैकेज का दावा किया गया है। विज्ञापन में दो-तीन घंटे से लेकर 24 घंटे तक पार्टनर उपलब्ध कराने की बात भी कही गई है।

# सूखाग्रस्त जिलों का दौरा करेंगे पवार



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के साथ देश के कृषि मंत्री का दायित्व संभाल चुके शरद पवार किसानों को सूखा राहत दिलाने के लिए खुद मैदान में उतरेंगे। कम बारिश की वजह से सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहे किसानों का हाल जानने के लिए एनसीपी प्रमुख शरद पवार 28 सितंबर से सूखाग्रस्त इलाकों का दौरा शुरू करेंगे। एनसीपी शरद पवार गुट के एक नेता ने कहा कि विदर्भ, मराठवाड़ा और उत्तर महाराष्ट्र के ज्यादातर जिलों में किसान सूखे का सामना कर रहे हैं। सरकार 5 अक्टूबर के बाद सर्वे शुरू करेगी तब तक किसानों का सब कुछ समाप्त हो जायेगा। सरकार सिर्फ जुबानी और कागजी कार्यवाही करके करना चाहती है, जबकि किसानों तत्काल आर्थिक मदद की जरूरत है।

# सरकारी भर्ती परीक्षाओं में बदलाव की तैयारी...

## टास्क फोर्स छात्रों से संवाद कर बनाएगी SOP



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में सरकारी भर्ती परीक्षाओं को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण, विश्वसनीय और समयबद्ध बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य सरकार द्वारा गठित भर्ती परीक्षा उच्चस्तरीय टास्क फोर्स की अध्यक्षा एवं सामान्य प्रशासन विभाग की अपर मुख्य सचिव वी. राधा ने जानकारी दी कि समिति परीक्षा प्रक्रिया में व्यापक सुधार के लिए सरकार को अध्ययनपूर्ण सिफारिशें प्रस्तुत करेगी। ये सिफारिशें परीक्षा समयसारणी, प्रश्नपत्रों के स्तर, परीक्षा केंद्रों के मानकों, पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण, उत्तरपुस्तिकाओं की जांच, अंक सामान्यीकरण, परिणाम, अदालती मामलों और नियुक्ति प्रक्रिया जैसे विभिन्न पहलुओं का गहन अध्ययन करके तैयार की जा रही हैं।

**छात्रों के साथ सीधा संवाद और विशाल जनसमर्थन**

अपर मुख्य सचिव वी. राधा छत्रपति संभाजीनगर संभाग के अभ्यर्थियों और छात्रों के साथ स्मार्ट सिटी कार्यालय में संवाद करने के बाद आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर समिति के सदस्य एवं पुलिस महानिदेशक सदानंद दाते, सदस्य सचिव एवं पशुपालन व मत्स्य विकास विभाग के सचिव डॉ. एन. रामास्वामी, तथा नाशिक संभाग के विभागीय आयुक्त प्रवीण गेडाम भी विशेष रूप से उपस्थित थे। वी. राधा ने बताया कि समिति ने अब तक पुणे में लगभग 600, नागपुर में 350 और अमरावती में 800 अभ्यर्थियों सहित कुल 1,750 से अधिक विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद किया है।

**पेपर लीक रोकने और पारदर्शिता लाने के प्रमुख सुझाव**

परीक्षार्थियों ने समिति के समक्ष कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे हैं। इनमें परीक्षा पैटर्न में निरंतरता बनाए रखने, किसी भी बदलाव की स्थिति में अभ्यर्थियों को पर्याप्त समय देने, SINGLE REGISTRATION और शुल्क प्रणाली लागू करने, तथा प्रश्नपत्र की गुणवत्ता व अठरहएफ डए में पूर्ण पारदर्शिता बरतने की मांग शामिल है। इसके साथ ही, परीक्षा चाहे ऑनलाइन हो या ऑफलाइन, धांधली व अनुचित साधनों को रोकने के लिए एक अभेद्य और सुरक्षित व्यवस्था बनाने पर जोर दिया गया है। प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं को रोकने के लिए अन्य राज्यों और UPSC की परीक्षा पद्धतियों का विस्तृत अध्ययन किया जाएगा।

# 2028 तक कचरा मुक्त होंगे मुंबई के नाले, मानसून में पानी भरने की समस्या से मिलेगी निजात

## प्रमुख नालों के किनारे लगेंगी सुरक्षा जालियां...

**मुंबई :** मुंबई के नालों में कचरा जाने से रोकने के लिए बीएमसी ने प्रमुख नालों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों के पास सुरक्षा जालियां लगाने का निर्णय लिया है। बीएमसी के अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर ने कहा कि प्रमुख नालों पर सुरक्षा जालियां लगाने का काम पूरा होने के बाद 2028 तक मुंबई के नालों को कचरा मुक्त करने का लक्ष्य है। नाले कचरा मुक्त होने से मानसून के दौरान मुंबई में होने वाले जलभराव की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद जताई है।

हर साल मानसून के दौरान नालों का गंदा पानी सड़कों पर आने से जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। बीएमसी के अनुसार, नालों में पहुंचने वाले कचरे का बड़ा हिस्सा आसपास रहने वाले लोगों द्वारा फेंका जाता है। लोगों को कई बार नालों में कचरा नहीं डालने की अपील और निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद कचरा फेंकने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। बांद्रा स्थित पी एंड टी कॉलोनी



नाले के किनारे करीब 10 फीट ऊंची सुरक्षा जालियां लगाई गई थीं। बीएमसी के अनुसार, यहां जालियां लगाने का प्रयोग सफल रहा है। इसी तर्ज पर मुंबई के अन्य प्रमुख नालों के किनारे भी सुरक्षा जालियां लगाने का काम किया जाएगा। अभिजीत बांगर ने बताया कि नालों में सीधे कचरा जाने से रोकने के लिए यह व्यवस्था महत्वपूर्ण है। प्रमुख नालों पर जालियां लगाने का काम 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुंबई में कुल 1,817 नाले हैं। इनमें 1,508 छोटे नाले हैं, जिनकी कुल लंबाई करीब 605 किलोमीटर है। वहीं, 309 बड़े नालों की कुल लंबाई करीब 290 किलोमीटर है।

# 40 लाख रुपए की दिनदहाड़े लूट का 24 घंटे के भीतर खुलासा

## छह आरोपी गिरफ्तार, 36 लाख 48 हजार रुपए बरामद...



**कल्याण :** उल्हासनगर की क्रांति फूड एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा बैंक में जमा कराने ले जाए जा रहे 40 लाख रुपए पर बदमाशों की पहले से नजर थी। रकम कहां से निकल रही है, कर्मचारी किस रास्ते से बैंक जा रहे हैं और उनके पास कितनी नकदी है, इसकी जानकारी जुटाने के बाद आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। कल्याण बाजारपेठ पुलिस थाने में दर्ज इस जबरी चोरी के मामले का अपराध शाखा ने महज 24 घंटे में पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नकदी और वारदात में इस्तेमाल दो मोटरसाइकिल समेत कुल 36 लाख 48 हजार रुपए का मुद्देमाल बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, 15 सितंबर को दोपहर करीब 1.05 40 लाख रुपए की रकम बैंक ऑफ बड़ौदा, कल्याण पश्चिम शाखा में जमा कराने स्कूटी से जा रहे थे। सहजानंद चौक से लालचौकी की पर सवार चार आरोपियों ने उनकी स्कूटी को लात मारकर गिरा दिया। इसके बाद मारपीट कर नकदी से भरी बैग छीनकर फरार हो गए।

**सिर्फ लूट नहीं, पहले से तैयार था पूरा प्लान**

मामले की गंभीरता को देखते हुए गुन्हे शाखा ने समानांतर जांच शुरू की। तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उन लोगों तक पहुंच बनाई, जिन्होंने कथित तौर पर वारदात को अंजाम देने के साथ ही इसकी साजिश रची थी।

# सतारा में बालू माफिया का दुस्साहस:

## चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी को डंपर से 1 KM तक घसीटा, 2 गिरफ्तार





**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के सतारा जिले से कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है. जिले के म्हसवड शहर में रविवार शाम अवैध बालू ले जाने की आशंका में गाड़ी रोकने की कोशिश कर रहे एक पुलिसकर्मी को डंपर चालकों ने करीब 1 किलोमीटर तक गाड़ी से लटकाकर घसीटा. इस घटना में पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिसकर्मी के दर्ज बयान के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार शाम म्हसवड शहर इलाके में पुलिसकर्मी महावीर कोकरे अपने दोपहिया वाहन से नियमित गश्त पर तैनात थे. इसी दौरान उन्होंने सड़क से बिना नंबर प्लेट वाला एक संदिग्ध डंपर गुजरते देखा. संदेह होने पर सिपाही कोकरे ने बाइक आगे लगाकर ड्राइवर को डंपर रोकने का इशारा किया. गाड़ी रुकने के बाद जब उन्होंने जांच की, तो डंपर में अवैध रूप से उठाई गई बालू भरी हुई थी.

**लाइसेंस मांगते ही किया हमला, 1 किलोमीटर तक घसीटा**

सिपाही महावीर कोकरे ने जब डंपर चालक से बालू परिवहन का वैध लाइसेंस मांगा, तो आरोपी ड्राइवर उनसे उलझ गया और बहस करने लगा. देखते ही देखते ड्राइवर ने गाड़ी तुरंत स्टार्ट कर दी और भागने की कोशिश की. इसी दौरान सिपाही कोकरे ने गाड़ी को रोकने के प्रयास में डंपर के दरवाजे या साइड हिस्से को पकड़ लिया. बेखौफ ड्राइवर ने गाड़ी रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ा दी और पुलिसकर्मी को उसी स्थिति में लगभग 1 किलोमीटर की दूरी तक सड़क पर घसीटता हुआ ले गया.

**दो आरोपी गिरफ्तार, हत्या के प्रयास की धाराओं में कार्रवाई**

इस खौफनाक वारदात में पुलिसकर्मी महावीर कोकरे गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों और पुलिस टीम की मदद से उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया. इलाज के बाद सिपाही के होश में आने पर उनके लिखित बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया. म्हसवड पुलिस ने त्वरित घेराबंदी करते हुए घटना में शामिल दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस अब बालू माफिया के पूरे नेटवर्क और वाहन के मालिकाना हक की जांच में जुट गई है.

# कोस्टल रोड दुर्घटना के बाद सुरक्षा उपायों पर उठे सवाल...?

**मुंबई :** कोस्टल रोड पर रविवार तड़के बीएमडब्लू कार का भीषण हादसे के बाद वाहनों की तेज रफ्तार पर नियंत्रण को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय निवासियों की शिकायतों के बाद तेज गति से चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई के लिए प्रशासन की ओर से उपाय किए गए हैं। ताड़देव ट्रैफिक विभाग की सीमा में आरटीओ और हाईवे पुलिस के स्पीडगन वाहनों की मदद से तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई की जाती है। इसके बावजूद तीन लोगों की जान जाने से इन उपायों की प्रभावी निगरानी और अमल पर सवाल खड़े हुए हैं। कोस्टल रोड पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसे की यह पहली घटना नहीं है। पिछले साल दिसंबर में हुए एक हादसे में ठेकेदार के एक कर्मचारी की मौत हुई थी। कुछ महीने पहले तेज रफ्तार बीएमडब्लू के डिवाइडर से टकराने की घटना भी सामने आई थी।



# हाथों में हथकड़ी और मोबाइल फोन जब्त... फलस्तीन के समर्थन में पतंग उड़ाने पर पुलिस की कार्रवाई, मुंबई की छात्रा का दावा

**मुंबई :** पोस्टग्रेजुएट स्टूडेंट हर्षदा बोराडे ने आरोप लगाया है कि 15 सितंबर को फलस्तीन के समर्थन में पतंग उड़ाने के कैंपेन में हिस्सा लेने के बाद बांद्रा पुलिस के एंटी-टेररिज्म सेल ने बिना वारंट के नौ घंटे से ज्यादा समय तक उनके घर की तलाशी ली और उनके दोस्तों के साथ बुरा बर्ताव किया। बोराडे ने बताया कि इसके बाद मकान मालिक ने उनसे घर खाली करने के लिए कहा है। रविवार को पोस्ट किए गए एक वीडियो में बोराडे ने आरोप लगाया कि कम से कम 15 पुलिसकर्मियों ने शुक्रवार शाम 5 बजे से शनिवार सुबह 3 बजे तक उनके घर की तलाशी ली, जबकि उन्हें कोई कानूनी नोटिस या वारंट नहीं दिखाया गया।

**'सादे कपड़ों में आए थे पुलिसकर्मी'**

उन्होंने दावा किया कि सादे कपड़ों में आए पुलिसकर्मियों ने अपनी पहचान बताने से इनकार कर दिया, जबरदस्ती उनके घर में घुस गए, उनकी नोटबुक और डायरी की



जांच की, किताबों के नाम नोट किए और उनके सामान की तस्वीरें और वीडियो बनाए।

**पुलिस ने क्या कहा?**

बांद्रा पुलिस ने बोराडे के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है, बल्कि वे उनसे जुड़ी जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं और उनके बैकग्राउंड की जांच कर रहे हैं। डीसीपी (वेस्ट जोन-2) मोहित गर्ग ने कहा कि कानून के तहत तय प्रक्रियाओं के अनुसार जांच चल रही है।

**संगठन ने क्या आरोप लगाया?**

इंडियन पीपल इन सॉलिडैरिटी विद फिलिस्तीन (आईपीएसपी) की एक्टिविस्ट बोराडे ने बताया कि सादे कपड़ों में छह-सात लोग घर आए और उन्होंने खुद को पुलिसकर्मी बताया। संगठन ने आरोप लगाया कि बोराडे को बिना किसी लिखित नोटिस के हिरासत में लिया गया और बाद में उन्हें वापस घर लाया गया। आईपीएसपी ने आरोप लगाया कि तलाशी 19 सितंबर को सुबह 2:30 बजे के बाद खत्म हुई और इस दौरान बोराडे के दोस्तों के साथ धक्का-मुक्की और बदसलूकी की गई। इसमें दावा किया गया कि दो वॉलंटियर्स को हथकड़ी लगाई गई, उनके फोन जब्त कर लिए गए और वहां मौजूद लोगों को कानूनी कार्रवाई और शारीरिक हिंसा की धमकी दी गई।

# महाराष्ट्र में दस्तक दे रहा शैतानी राज... 'किसान सूखे से बेहाल और नेता खा रहे काजू-बादाम'

**मुंबई :** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी शिवसेना-यूबीटी ने किसानों के मुद्दे पर महाराष्ट्र सरकार पर हमला बोला है. शिवसेना-यूबीटी ने कहा कि किसान सूखे अकाल के कारण चीख-पुकार कर रहा है और सरकार सूखा मेवा खाकर डकार ले रही है. शिवसेना-यूबीटी के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में कहा गया है कि महाराष्ट्र की सरकार शाही ठाट-बाट से जी रही है, लेकिन आधी से ज्यादा जनता अकाल की छाया में है और महाराष्ट्र में डर, भूख, प्यास का शैतानी राज आने वाला है. सवाल उठाया गया कि मानसून की वापसी का सफर शुरू हो चुका है और अकाल के गिद्ध पीछे छोड़ते हुए



मानसून लौट रहा है. मराठवाड़ा, उत्तर महाराष्ट्र, विदर्भ का किसान बेहाल हो चुका है. इस अकाल को लेकर फडणवीस-मिंधे की सरकार गंभीर है क्या?

नांदेड़ की हालिया एक बैठक का जिक्र किया गया. इसमें कहा गया, ''राज्य के कृषि मंत्री दत्तामामा भरणे सूखे अकाल का मुआयना करने के लिए मराठवाड़ा दौरे पर गए. नांदेड़ में अकालग्रस्त दौरा करने से पहले विश्राम गृह में हुई प्रशासनिक बैठक में मंत्री, विधायक, सांसद मंडली काजू-बादाम, सूखे मेवे पर हाथ साफ कर रही थी, ऐसी तस्वीरें प्रकाशित हुई हैं. किसान सूखे अकाल के कारण चीख-पुकार कर रहा है और सरकार सूखा मेवा खाकर डकार ले रही है. किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम है.''

संपादकीय में कहा गया, ''सांसद बंडू जाधव ने अकाल में काजू-बादाम की इस खुराक का खुलेआम समर्थन किया. 50-50 करोड़ रुपए खाकर डकार लेने वालों की भूख मिटी नहीं है. और फिर अकाल की बैठक में भूख लगी इसलिए काजू-बादाम खाने हैं, यह कैसी रीति है?'' इसी बीच, 'सामना' में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भी प्रश्न खड़े किए गए. संपादकीय में कहा गया, ''मुख्यमंत्री इस पर कहते हैं, 'ऐसे काजू-बादाम खाना ठीक नहीं है.

# घाटकोपर में नलों से आ रहा गंदा पानी... दूषित जल से बीमारियों का खतरा

**मुंबई :** घाटकोपर के एन विभाग अंतर्गत आने वाले प्रभाग क्रमांक 124 में पिछले कुछ दिनों से नलों के जरिए दुर्गंधयुक्त और दूषित पानी की आपूर्ति होने की शिकायत सामने आई है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि शौचालय का गंदा पानी पीने के पानी में मिलकर घरों तक पहुंच रहा है। दूषित पानी के कारण



इलाके में नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को उल्टी, दस्त, टाइफाइड और पीलिया जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे क्षेत्र में बीमारी फैलने की आशंका को लेकर भय का माहौल है। नागरिकों ने मनपा से मामले को गंभीरता से लेते हुए पानी की पाइपलाइन और लीकेज की तत्काल जांच, दूषित पानी की समस्या दूर करने तथा सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही, प्रभावित इलाकों में पानी के नमूनों की जांच कराकर आवश्यक कदम उठाने की भी मांग की जा रही है।

# मुंबई में तीन पिस्तौल और 11 जिंदा कारतूस बरामद...तीन आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने उत्तर क्षेत्र-3 में अलग-अलग कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों के कब्जे से तीन पिस्तौल और 11 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। यह कार्रवाई कुरार, दहिसर और वनराई पुलिस ने की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 18 सितंबर को कुरार पुलिस ने मालाड पूर्व स्थित मातंगड़ विकास मंडल के पास से वाजिद अली इसरार मलिक (26) को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए।

बरामद हथियारों और कारतूसों की कीमत करीब 36 हजार रुपये बताई गई है। मलिक दहिसर पूर्व





के एसवी रोड स्थित तारी कंपाउंड का रहने वाला है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3 और 25 तथा महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की धारा 37 (1) (ए) और 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह अलग अलग कार्रवाई में दहिसर और वनराई पुलिस ने दो आरोपियों से दो पिस्तौल और नौ जिंदा कारतूस बरामद किए। बरामद हथियारों की कुल कीमत करीब 1.03 लाख रुपये बताई गई है। दहिसर पुलिस ने संदीप रामाशंकर उपाध्याय (34) को आरोपी बनाया है। वह पेशे से फैब्रिकेटर है और मालाड पूर्व के कुरार गांव स्थित लक्ष्मण नगर में रहता है। वहीं, वनराई पुलिस ने रोहित अविनाश सावंत (36) के खिलाफ कार्रवाई की है। सावंत अंधेरी पूर्व के चकाला स्थित व्यस्ता मंगल चॉल का निवासी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों को हथियार कहां से मिले, उन्होंने इन्हें किस उद्देश्य से अपने पास रखा था और क्या इन हथियारों का इस्तेमाल किसी अन्य अपराध में किया गया है। पुलिस ने कहा है कि उत्तर क्षेत्र-3 में अवैध रूप से हथियारों की बिक्री, सप्लाई और परिवहन के साथ बिना लाइसेंस हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# पेट्रोल पंप के कमरे में युवक की हत्या

## पानी डालकर पीटा, लात-डंडे से हमला; शव पेट्रोल पंप के पीछे छिपाने का आरोप

**भिवंडी :** भिवंडी के वंजारपट्टी नाका इलाके में मिलन पेट्रोल पंप के कार्यालय में 34 वर्षीय युवक की कथित रूप से पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। निजामपुरा पुलिस ने



मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या, सबूत मिटाने और सामूहिक आपराधिक कृत्य से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, फिलहाल तीनों आरोपी फरार हैं। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, मृतक की पहचान राजेश अनिल शुक्ला (34) के रूप में हुई है। राजेश मिलन पेट्रोल पंप के एक कमरे में रहता था। वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के सिरमौर क्षेत्र का निवासी बताया गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना 17 सितंबर की रात करीब 7:46 बजे से 18 सितंबर की शाम 4:20 बजे के बीच पेट्रोल पंप के कार्यालय में हुई। शिकायत में आरोप है कि उत्सव देवेंद्र चतुर्वेदी, संदीप ओमप्रकाश उपाध्याय और कलाम अब्दुल अंसारी ने कथित रूप से आपस में मिलीभगत कर राजेश के साथ मारपीट की। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने पहले राजेश पर प्लास्टिक की बाल्टी से पानी डाला। इसके बाद कथित तौर पर उसे डंडे और लातों से पीटा गया। दांडे वाले पोछे से भी उसके शरीर पर कई जगह वार किए जाने का आरोप है। गंभीर रूप से घायल होने के बाद राजेश को घटनास्थल से घसीटकर ले जाने का आरोप शिकायत में लगाया गया है। पुलिस शिकायत के अनुसार, मारपीट के बाद राजेश की मौत हो गई। आरोपियों ने उसका शव मिलन पेट्रोल पंप के पीछे छिपा दिया और घटना की जानकारी छिपाकर सबूत नष्ट करने का प्रयास किया।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# जो आयोग चाहे, वो वोटर...

करीब 98 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी देश के उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रहे हैं। वह नई दिल्ली से लोकसभा सांसद भी चुने गए थे। उन्हें, बेटी प्रतिभा और बहू को मतदाता सूची में शामिल करने पर सवाल हैं, लिहाजा उन्हें चुनाव आयोग ने नोटिस भेजा है। देश के मौजूदा विदेश मंत्री एस. जयशंकर, उनकी जापानी पत्नी और विदेश सचिव विक्रम मिसरी को भी नोटिस भेजे गए हैं। दिल्ली की मौजूदा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और 10 साल तक मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल के मतदाता होने पर भी चुनाव आयोग को संदेह है। बहरहाल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का मामला किसी तरह निपटा लिया गया है, लेकिन केजरीवाल, उनके 85 वर्षीय माता-पिता, उनकी आईआरएस रहीं और सरकारी पेंशनधारी पत्नी और बेटे के दिल्ली में मतदाता होने पर आयोग के सवाल हैं, लिहाजा उन्हें नोटिस के जवाब देने ही पड़ेंगे। देश के कानून मंत्री रहे, चांदनी चौक के पूर्व सांसद, मौजूदा राज्यसभा सांसद एवं सर्वोच्च अदालत के प्रख्यात अधिवक्ता कपिल सिब्बल के मतदाता होने पर आयोग को क्या आपत्तियां हैं, कमोबेश हमारी समझ के बाहर है। यहां तक कि मौजूदा चुनाव आयुक्त एसएस संधू, जो मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता के समकक्ष ही हैं, को भी नोटिस भेजा गया है कि उनके नाम की स्पेलिंग (वर्तनी) 2002 के रिकॉर्ड से मेल नहीं खाती, लिहाजा वह स्पष्ट करें। बेहद हास्यास्पद है कि सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद, थलसेना प्रमुख रहे जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, सर्वोच्च अदालत की न्यायाधीश रहीं जस्टिस रंजना देसाई, सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे और केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला आदि अति विशिष्ट चेहरों को भी चुनाव आयोग ने नोटिस भेजे हैं, तो आम मतदाता की कराहें, चीखें, गुहार कौन सुनेगा? कैग प्रमुख के. संजय मूर्ति के माता-पिता के नाम भी नहीं हैं। बेशक चुनाव आयोग द्वारा नोटिस भेजना एक सामान्य प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन हमारा पक्का यकीन है कि अंततः इन सभी नामों को दिल्ली की मतदाता-सूची में जोड़ा जाएगा। क्या चुनाव आयोग अपनी नालायकी पर माफी मांगेगा? दरअसल हमारा बुनियादी और गंभीर सवाल 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) के प्रारूप पर है। यह अभियान चलाने वाले अधिकारियों की मेधा, सामान्य बुद्धि, पर भी तरस आता है। ज्ञानेश कुमार भी सामूहिक तौर पर 'खलनायक' हैं।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# महाराष्ट्र: सड़े-गले शव की बेटियों के डीएनए से पहचान...

## 70 वर्षीय प्रेमी की हत्या में 68 साल की महिला गिरफ्तार




**सोलापुर :** सोलापुर की पंढरपुर तहसील में करीब एक महीने पुराने कत्ल की गुत्थी डीएनए प्रोफाइलिंग की मदद से सुलझ गई। खेत के कुएं से मिले सड़े-गले और आंशिक रूप से जले शव की पहचान 70 वर्षीय अंबादास संतराम खांडेकर के रूप में हुई। पुलिस ने हत्या के आरोप में उनकी 68 वर्षीय महिला साथी मंगल श्रीमंत होनमाने को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच पिछले 10 साल से अधिक समय से संबंध थे।

दरअसल, 2 अगस्त को शंकरगांव के एक खेत में बने कुएं में ग्रामीणों ने एक लावारिस शव तैरता देखा था। शव आंशिक रूप से जला हुआ था और बुरी तरह सड़ चुका था। हालत ऐसी थी कि मौके पर उसकी पहचान करना मुश्किल था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया और शव से फॉरेंसिक जांच के लिए जरूरी सैंपल लिए। इन सैंपलों को डीएनए प्रोफाइलिंग के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। सोलापुर की पंढरपुर तहसील में करीब एक महीने पुराने कत्ल की गुत्थी डीएनए प्रोफाइलिंग की मदद से सुलझ गई। खेत के कुएं से मिले सड़े-गले और आंशिक रूप से जले शव की पहचान 70 वर्षीय अंबादास संतराम खांडेकर के रूप में हुई। पुलिस ने हत्या के आरोप में उनकी 68 वर्षीय महिला साथी मंगल श्रीमंत होनमाने को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच पिछले 10 साल से अधिक समय से संबंध थे।

दरअसल, 2 अगस्त को शंकरगांव के एक खेत में बने कुएं में ग्रामीणों ने एक लावारिस शव तैरता देखा था। शव आंशिक रूप से जला हुआ था और बुरी तरह सड़ चुका था। हालत ऐसी थी कि मौके पर उसकी पहचान करना मुश्किल था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया और शव से फॉरेंसिक जांच के लिए जरूरी सैंपल लिए। इन सैंपलों को डीएनए प्रोफाइलिंग के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। पुलिस के मुताबिक, मंगल ने बताया कि 27 जुलाई को किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसी दौरान उसने धारदार हथियार से खांडेकर पर हमला किया, जिससे उनकी मौत हो गई।

# जहरीली दुर्गंध से वाशी-कोपरखैरने के नागरिक परेशान



**नवी मुंबई :** नवी मुंबई के वाशी और कोपरखैरने परिसर में पिछले कुछ दिनों से रात के समय फैल रही तेज रासायनिक दुर्गंध ने नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठाणे-बेलापुर औद्योगिक क्षेत्र की ओर से आने वाली केमिकल जैसी तेज गंध के कारण रात के समय घरों में रहना और सामान्य रूप से सांस लेना मुश्किल हो रहा है। कई नागरिकों ने हवा में धुएं जैसी स्थिति दिखाई देने का भी दावा किया है। हालांकि, दुर्गंध का वास्तविक स्रोत और उसमें मौजूद रासायनिक तत्वों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मधु शंकर के मुताबिक, यह समस्या विशेष रूप से देर रात और तड़के अधिक महसूस की जा रही है।

# राशन दुकानदार से जबरन वसूली के मामले में यूट्यूबर गिरफ्तार

## भाई समेत आधा दर्जन से ज्यादा आरोपी नामजद



**मुंबई :** गोवंडी के शिवाजी नगर इलाके में राशन दुकानदार को शिकायत का डर दिखाकर कथित तौर पर जबरन वसूली करने के मामले में देवनार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जेन सैयद के रूप में हुई है। इस मामले में उसके भाई अफजल समेत आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को नामजद किया गया है। पुलिस ने इस प्रकरण में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने राशन दुकान में कथित अनियमितता और कालाबाजारी की शिकायत राशनिंग विभाग में करने की धमकी देकर दुकानदार से पैसे की मांग की थी। शिकायत नहीं करने और दुकान चलाने में परेशानी नहीं खड़ी करने के एवज में दुकानदार से कथित तौर पर एक लाख रुपये की मांग की गई।

आरोपियों ने 17 सितंबर को दुकानदार से पहली किश्त के रूप में 50 हजार रुपये कथित तौर पर ले लिए। इसके बाद बाकी रकम के लिए दुकानदार पर लगातार दबाव बनाया जाने लगा। 19 सितंबर को परेशान दुकानदार ने देवनार पुलिस से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जाल बिछाया। तय योजना के तहत जब आरोपी 25,500 रुपये की दूसरी किश्त लेने पहुंचा, तभी पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से 25,500 रुपये नकद बरामद किए। देवनार पुलिस ने इस मामले में जेन सैयद, उसके भाई अफजल सहित आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, प्रकरण में कुल 11 आरोपियों की भूमिका सामने आई है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में दो अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सेल्समैन की चाकू मारकर हत्या... कुरार पुलिस ने 23 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया



**मुंबई :** कांदिवली पूर्व के गोकुल नगर इलाके में शराब पीने के दौरान दोस्त का कथित तौर पर मजाक उड़ाना 35 वर्षीय एक सेल्समैन की जान पर भारी पड़ गया। विवाद के बाद आरोपी ने कथित तौर पर सो रहे युवक के सीने में। चाकू घोंप दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना 19 सितंबर की तड़के करीब 2:30 बजे की है। मृतक की पहचान श्रीकांत जाधव (35) के रूप में हुई है। इस मामले में कुरार पुलिस ने विष्णु विश्वकर्मा (23) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, श्रीकांत 19 सितंबर की रात कांदिवली पूर्व के गोकुल नगर स्थित मॉडर्न डेयरी के पीछे अपने दोस्त विष्णु विश्वकर्मा और सुनील उर्फ पांसो के साथ शराब पी रहा था।

इसी दौरान श्रीकांत ने कथित तौर पर विष्णु का मजाक उड़ाया और उसे चिढ़ाया। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। पुलिस के मुताबिक, विवाद के बाद विष्णु के मन में श्रीकांत के प्रति नाराजगी बनी रही। कुछ देर बाद जब श्रीकांत सो गया, तब आरोपी ने कथित तौर पर चाकू से उसके सीने के बाईं ओर हमला कर दिया। चाकू लगने से श्रीकांत गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी को हिरासत में लिया। श्रीकांत के भाई साईनाथ दिलीप जाधव (35) की शिकायत पर कुरार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103 (1) के तहत हत्या का मामला दर्ज किया है। इसके अलावा महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की धारा 37 (1) (ए) और 135 के तहत भी कार्रवाई की गई है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हत्या के पीछे विवाद के अलावा कोई अन्य कारण तो नहीं था।

# 'पहले सीमा पार आतंकवाद पर करो ठोस कार्रवाई'

# भारत की पाकिस्तान को दो टूक

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए और दुनिया को यह विश्वास दिलाना चाहिए कि इस्लामाबाद जो कहता है, वह करके दिखाता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह जवाब उस सवाल पर दिया, जिसमें यह पूछा गया था कि भारत पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के बयान को किस तरह देखता है। मुनीर ने मंगलवार को कहा था कि सेना देश में बढ़ते आतंकवाद को हराने के लिए कटिबद्ध है। जायसवाल ने कहा, 'पाकिस्तान को कार्रवाई करने और



ठोस प्रतिबद्धता दिखाने की जरूरत है। उसे सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करके दुनिया को यह भरोसा दिलाना होगा कि वह जो कहता है, करके दिखाता है।'

विदेश मंत्रालय ने अफगानिस्तान के प्रांतों में पाकिस्तान के हालिया हवाई हमले की निंदा की और कहा कि इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को नुकसान पहुंचता है। इन हमलों में कई लोग मारे गए और घायल हुए हैं।

### बांग्लादेश के साथ सकारात्मक संबंध चाहता है भारत

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत बांग्लादेश के साथ सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्योन्मुखी संबंध चाहता है। उन्होंने भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों की मौजूदा स्थिति के बारे में पूछे गए सवालों पर यह जवाब दिया।

## शारजाह में कर्नाटक के व्यक्ति की बेरहमी से हत्या

## कार में बैगों से मिले शव के नौ टुकड़े

**बेंगलुरु।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शारजाह में जुलाई में कर्नाटक के कुंदापुर (उडुपी जिला) निवासी अल्विन प्रकाश कुंदर की निर्मम हत्या कर दी गई। उनके शव को नौ टुकड़ों में काटकर दो बैगों में पैक किया गया था, जो ओमान जाने वाले रास्ते पर खड़ी एक कार में मिला।



अल्विन पिछले 14 साल से शारजाह एयरपोर्ट पर काम कर रहे थे। उनके भाई अनिल प्रशांत कुंदर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने सोमवार को उडुपी पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

अल्विन की पत्नी टीना कुंदर (मूल रूप से उडुपी की हैं) शारजाह में स्कूल टीचर हैं और उनका बेटा वहां 10वीं कक्षा में पढ़ता है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक हत्या के बाद पत्नी और बेटा गायब बताए जा रहे हैं। आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

अनिल ने 20 जुलाई को अल्विन को फोन किया, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया। बजाय इसके एक मैसेज आया कि वह ठीक हैं। अनिल ने इसे असामान्य माना क्योंकि भाई कभी ऐसे मैसेज नहीं करते थे। एक हफ्ते बाद दोबारा कॉल करने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद अनिल ने शारजाह में रह रहे अल्विन के सहपाठी मनोहर से संपर्क किया। मनोहर उनके फ्लैट गए तो चौकीदार ने बताया कि प्रकाश भारत चले गए हैं।

कंपनी के एचआर विभाग ने भी शुरू में यही कहा। लेकिन अगले दिन कंपनी ने पासपोर्ट चेक किया तो पता चला कि वे अभी भी शारजाह में हैं।

इसके बाद लापता व्यक्ति की शिकायत दर्ज कराई गई। जांच के दौरान ओमान रूट पर खड़ी कार में उनका शव मिला, जो नौ टुकड़ों में कटा हुआ था।

## 'मैं अपनी पत्नी को क्या जवाब दूंगा'

## तेलंगाना अस्पताल अग्निकांड में नवजात को खोने वाले पिता छलका दर्द

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रिम्स में सोमवार देर रात आग लगने से तीन नवजात बच्चियों की मौत हो गई। जिसमें एक बच्ची फासिल की भी जो अपनी बच्ची के शव को देखकर फूट फूटकर रोने लगा और बोला मैं अपनी पत्नी से क्या कहूंगा...

सोमवार की देर रात एम. फासिल ने अपनी बेटी को आखिरी बार देखा। वह महज पांच दिन की थी। उस बच्ची को तेलंगाना सरकार द्वारा संचालित राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) के स्पेशल नियोनेटल केयर यूनिट में भर्ती कराया गया था। राजकीय राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) के स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट में सोमवार देर रात एयर कंडीशनर यूनिट में विस्फोट होने से भीषण आग लग गई। इस हादसे में तीन समय से पहले जन्मी (प्री-टर्म) नवजात बच्चियों की मौत हो गई। सभी तीनों शिशु 28 सप्ताह में पैदा हुई थीं। फासिल ने बताया कि डॉक्टर ने मुझे यूनिट में जाने की अनुमति दी थी। मैं वहां सिर्फ पांच-छह मिनट के लिए अंदर गया, अपनी बेटी को देखा और बाहर आने से पहले उसके जल्दी स्वस्थ होने की प्रार्थना की। कुछ ही क्षणों बाद एयर कंडीशनिंग यूनिट में जोरदार विस्फोट हुआ। अस्पताल का वह हिस्सा आग की लपटों में घिर गया। इस हादसे में तीन समय से पहले जन्मी (28 सप्ताह की) नवजात



बच्चियों की मौत हो गई। फासिल की बेटी भी उनमें से एक थी।

बेटी की मौत के बाद टूटे हुए फासिल ने कहा कि अब वह नहीं रही। मैं अपनी पत्नी सबा को क्या बताऊं? वह दूसरे अस्पताल में भर्ती हैं। इसका जिम्मेदार कौन है? मेरी बेटी को कौन वापस लाएगा? उनके भाई उन्हें सांत्वना देने की कोशिश कर रहे थे। फासिल इंद्रवेल्ली (आदिलाबाद से 36 किलोमीटर दूर) के रहने वाले हैं। उनकी बेटी 18 सितंबर को निजी अस्पताल में पैदा हुई थी।

# नालंदा : 5 हजार की रंगदारी नहीं दी तो ट्रक चालक के सीने में मारी गोली, बवाल!

**बिहार :** बिहार के नालंदा में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई. आरोप है कि गाय बेचने के बाद मिली रकम में से पांच हजार रुपये रंगदारी के तौर पर मांगे गए थे. रुपये देने से इनकार करने पर गांव के ही कुछ युवकों ने ट्रक चालक रंजन कुमार को गोली मारकर हत्या कर दी. घटना के बाद इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल है.

आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क जाम कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की. घटना खुदागंज थाना क्षेत्र के शोभा बिगहा गांव की बताई जा रही है. मृतक की पहचान गांव निवासी आमिरग प्रसाद के 22 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार के रूप में हुई है. परिजनों के मुताबिक रंजन बिहार से बाहर ट्रक चलाता था और कुछ दिन पहले



ही घर लौटा था. वह शनिवार को गांव पहुंचा था. रविवार को उसने अपनी गाय बेची थी, जिसके बदले उसे अच्छी-खासी रकम मिली थी. परिजनों का आरोप है कि गाय बेचने की जानकारी मिलने के बाद गांव के ही कुछ लोगों ने रंजन से पांच हजार रुपये मांगे. परिवार का दावा है कि आरोपी इस रकम से शराब पार्टी करना चाहते थे. रंजन ने रुपये देने से इनकार कर दिया.

### सीने में गोली मारकर फरार हुए आरोपी

आरोप है कि रुपये देने से इनकार करने के बाद रंजन को गोली मार दी गई. गोली उसके सीने में लगी. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. सूचना मिलने पर खुदागंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की. पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के साथ आसपास के लोगों से पूछताछ की. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ भेज दिया है.

# भारत में बांग्लादेश के नए हाई कमिश्नर होंगे असद आलम सियाम

## केंद्र सरकार ने दी नियुक्ति को मंजूरी

भारत ने बांग्लादेश के विदेश सचिव असद आलम सियाम को नई दिल्ली में नया हाई कमिश्नर बनाने की औपचारिक मंजूरी दे दी है। बांग्लादेश के मौजूदा हाई कमिश्नर एम. रियाज हमीदुल्लाह अक्टूबर के मध्य में जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र का नया पदभार ग्रहण करेंगे। हमीदुल्लाह के जिनेवा जाने के बाद असद आलम सियाम नई दिल्ली स्थित बांग्लादेशी दूतावास में हाई कमिश्नर के रूप में कार्यभार संभालेंगे। मंगलवार 22 सितंबर को ढाका में बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय को भारत की औपचारिक सहमति सौंपे जाने के बाद इस नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी हो गई।

**भारत ने दी औपचारिक मंजूरी**

भारत सरकार की ओर से असद आलम सियाम की नियुक्ति को लेकर औपचारिक सहमति यानी एग्रीमेंट बांग्लादेश को सौंप दिया गया है। मंगलवार दोपहर ढाका स्थित विदेश मंत्रालय को यह पत्र सौंपा गया। इसके साथ ही उन अटकलों का भी अंत हो गया, जिनमें दावा किया जा रहा था कि भारत सरकार इस नियुक्ति को मंजूरी देने में देरी कर रही है या इसे रोककर रखा गया है। असद आलम सियाम मौजूदा बांग्लादेशी हाई कमिश्नर एम. रियाज हमीदुल्लाह की जगह लेंगे। हमीदुल्लाह अक्टूबर के मध्य में जिनेवा जाकर संयुक्त राष्ट्र में बांग्लादेश के नए पदभार को संभालेंगे। इसके बाद सियाम नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन में कार्यभार संभालेंगे।



**असद आलम सियाम का लंबा राजनयिक अनुभव**

असद आलम सियाम बांग्लादेश विदेश सेवा के अनुभवी करियर डिप्लोमैट हैं। उन्होंने वर्ष 1995 में विदेश सेवा में प्रवेश किया था। जून 2025 में विदेश सचिव बनने से पहले वह करीब एक साल तक अमेरिका में बांग्लादेश के राजदूत के रूप में कार्य कर चुके हैं। इससे पहले सियाम ने 2023 से 2024 तक ऑस्ट्रिया और 2017 से 2021 तक फिलीपींस में बांग्लादेश के राजदूत की जिम्मेदारी संभाली थी। वह इटली के मिलान में बांग्लादेश के पहले काउंसुल जनरल और ब्रिटेन के मैनचेस्टर में असिस्टेंट हाई कमिश्नर भी रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने इंडोनेशिया और थाईलैंड में जूनियर डिप्लोमैट के तौर पर काम किया है। ढाका में वह यूरोप विंग के महानिदेशक पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं। असद आलम सियाम के नई दिल्ली आने के बाद बांग्लादेश में नए विदेश सचिव की नियुक्ति को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र में बांग्लादेश के पूर्व राजदूत सलाहुद्दीन नोमान चौधरी को अगला विदेश सचिव बनाए जाने की संभावना पर विचार किया जा रहा है। सलाहुद्दीन नोमान चौधरी नई दिल्ली में बांग्लादेश के उप हाई कमिश्नर के रूप में भी काम कर चुके हैं। ऐसे में उनके पास भारत से जुड़े कूटनीतिक मामलों का अनुभव भी रहा है। असद आलम सियाम की नई नियुक्ति और बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय में संभावित बदलावों के बीच भारत-बांग्लादेश संबंधों को लेकर आगे की कूटनीतिक गतिविधियां महत्वपूर्ण रहेंगी।

### एम. रियाज हमीदुल्लाह की नई जिम्मेदारी

**भारत में बांग्लादेश के मौजूदा हाई कमिश्नर एम. रियाज हमीदुल्लाह अक्टूबर के मध्य में नई दिल्ली से जिनेवा रवाना होंगे। उन्हें जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में बांग्लादेश का नया स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। हमीदुल्लाह के नई दिल्ली से जाने के बाद असद आलम सियाम भारत में बांग्लादेश के नए हाई कमिश्नर के तौर पर कार्यभार संभालेंगे। नई नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब दोनों देशों के बीच कूटनीतिक स्तर पर संवाद महत्वपूर्ण बना हुआ है।**

# रूस के चुनाव में पुतिन का जलवा, बंपर बहुमत,

## पार्टी ने रिकॉर्ड 355 सीटें जीतीं...

**रूस :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समर्थन वाली युनाइटेड रशिया पार्टी ने बंपर बहुमत हासिल किया है. पुतिन की पार्टी ने संसद की 450 सीटों में से रिकॉर्ड 355 सीटें जीती हैं. एसोसिएटिड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक सेंट्रल इलेक्शन कमीशन के अनुसार, 95% से ज्यादा पोलिंग स्टेशनों के नतीजों से पता चला कि क्रेमलिन की 'यूनाइटेड रशिया'पार्टी को पार्टियों के लिए तय 225 सीटों में से 58% से कुछ कम वोट मिले. बाकी 225 सांसद सिंगल-बैलेट मुकाबलों में चुने गए और नतीजों में 'यूनाइटेड रशिया'के उम्मीदवार इनमें से 208 सीटों पर आगे रहे.



**355 सीटें जीतीं**

सेंट्रल इलेक्शन कमीशन की चेयरपर्सन एला पमफिलोवा ने कहा कि शुरूआती नतीजों से संकेत मिला है कि 'यूनाइटेड रशिया'को 450 में से 355 सीटें जीतीं, जो पार्टी के लिए अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा होगा.

**2021 में मिले थे इतने वोट**

यह फरवरी 2022 में यूक्रेन के साथ शुरू हुए संघर्ष के बाद पहला संसदीय चुनाव है. पुतिन ने चुनाव को यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों के समर्थन से जोड़कर पेश किया था. 2021 के पिछले संसदीय चुनाव में यूनाइटेड रशिया ने स्टेट ड्यूमा 450 में से 324 सीटों पर कब्जा किया था.

इन चुनावों में युद्ध-विरोधी पार्टी याब्लोको को इस बार चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था. हालांकि, पार्टी के कई नेताओं को कुछ सीटों से चुनाव लड़ने की इजाजत दे दी गई थी. कथित तौर पर कई सरकार विरोधी नेताओं और उम्मीदवारों को भी चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिला. रूस में इस चुनाव में 56.66 फीसदी लोगों ने वोट डाला. मास्को में मतदान रिकॉर्ड स्तर पर रहा.

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूनाइटेड रशिया पार्टी के सदस्य नहीं हैं. हालांकि, वे 2008 से 2012 तक इसके अध्यक्ष जरूर रहे हैं. उस समय भी वे पार्टी के औपचारिक सदस्य नहीं थे. पार्टी नियमों के मुताबिक, अध्यक्ष होने के लिए सदस्यता अनिवार्य नहीं है. 2012 में पुतिन ने पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ दिया था. इसके बाद दिमित्री मेदवेदेव को कमान सौंपी गई.

# कनाडा में बड़ा हादसा, ट्रेनिंग विमान क्रैश होने से दो भारतीय छात्रों की मौत!




**कनाडा :** कनाडा में दो भारतीयों के साथ हादसा हो गया. एक प्लेन क्रैश की वजह से दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई. भारतीय मिशन ने यह जानकारी दी. मृतकों की पहचान तमिलनाडु के मनोज शिवकुमार और पुडुचेरी के श्रीसरण तिरुग्नानसंबंथम के रूप में हुई है. वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने दोनों छात्रों की मौत पर रविवार (20 सितंबर) को शोक व्यक्त किया.

दूतावास ने 'एक्स'पर एक पोस्ट के जरिए कहा, 'वैंकूवर स्थित भारत का महावाणिज्य दूतावास तमिलनाडु के मनोज शिवकुमार और पुडुचेरी के श्रीसरण तिरुग्नानसंबंथम की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है. दोनों भारतीय छात्रों की कनाडा में उड़ान प्रशिक्षण के दौरान हुए एक दुखद विमान हादसे में मौत हो गई. 'उसने कहा, 'इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं शोकसंतप्त परिवारों और उनके प्रियजनों के साथ हैं. हम शवों को भारत ले जाने के लिए उनके परिवारों को वाणिज्य दूतावास संबंधी हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार हैं.' सस्केचेवान के किसबी के पास हर्वस एयर कंपनी का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस हादसे में सवार दोनों लोगों की मौत हो गई. विमान को रजिस्टर करने वाली यह कंपनी एक फ्लाइट स्कूल भी चलाती है. रिपोर्ट में हर्वस एयर के अध्यक्ष एडम पेनर के बयान का हवाला देते हुए बताया गया है कि विमान में दो लाइसेंस प्राप्त पायलट सवार थे. वे अपने कमर्शियल पायलट लाइसेंस के लिए उड़ान के घंटे पूरे करने के मकसद से इस विमान को किराए पर लेकर रेजिना से कार्लाइल (सस्केचेवान) होते हुए स्टीनबैक (मैनिटोबा) की ओर रात की उड़ान पर निकले थे.

# भागलपुर के अजगैवीनाथ धाम में बड़ा हादसा, बाढ़ के पानी में नहाने गईं 6 बच्चियों की डूबने से मौत

**भागलपुर :** भागलपुर जलि के अजगैवीनाथ धाम प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर बहियार में मंगलवार की सुबह हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। लोक आस्था के कर्मा-धर्मा पर्व के पावन अवसर पर बहियार स्थित जलमग्न खेत में स्नान करने गए छह बच्चों की गहरे पानी में डूबने से अकाल मौत हो गई।



एक साथ छह घरों के चिराग बुझने से बिष्णु टोला सहित आसपास के समूचे ग्रामीण क्षेत्र में चीत्कार मच गया और मातम पसर गया है।

मृतकों की पहचान नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 27, बिष्णु टोला निवासी पूरन मंडल की पुत्री पूजा कुमारी (13 वर्ष), राहुल कुमार (14 वर्ष), रंजन कुमार के पुत्र विकास कुमार (13 वर्ष), विनोद मंडल के पुत्र आयुष कुमार (12 वर्ष), वाल्मीकि मंडल की पुत्री मीनाक्षी कुमारी 'मिनकी' (12 वर्ष) तथा रंचडीदीपुर निवासी धनंजय मंडल की पुत्री ज्योति कुमारी (14 वर्ष) के रूप में हुई है।


**कर्मा-धर्मा के स्नान के दौरान गहरे गड्ढे में समाए बच्चे**

स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, कर्मा-धर्मा पर्व को लेकर बच्चे सुबह पूजा की तैयारी और पवित्र स्नान के लिए नारायणपुर बहियार की ओर गए थे। गंगा के बढ़े जलस्तर और हालिया बारिश के चलते बहियार के खेतों में काफी गहरा पानी जमा था।

# 'इंडिया के टॉप 1%' की पहली विनर बनी मुंबई की बिजल शाह

**मुंबई :** स्टार प्लस के नए गेम शो 'इंडिया के टॉप 1% – द अनिल कपूर शो' की शुरुआत एक ऐतिहासिक जीत के साथ हुई। ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में मुंबई की बिजल शाह ने अपनी सूझबूझ और शानदार खेल के दम पर शो की पहली विजेता बनने का गौरव हासिल किया और 94 लाख की बड़ी धनराशि अपने नाम की।

बिजल की यह उपलब्धि केवल पुरस्कार राशि तक सीमित नहीं है। उनकी जीत उस सोच को मजबूती देती है कि सही नजरिया और सोचने का अलग अंदाज किसी भी मुकाम तक पहुंचा सकता है। अलग-अलग क्षेत्रों में बाधाओं को तोड़कर इतिहास रचने वाली महिलाओं की सूची में अब बिजल का नाम भी जुड़ गया है। पूरे खेल के दौरान उन्होंने अपना संयम बनाए रखा और अपनी सूझबूझ पर भरोसा किया। बिजल ने अपने पति नीलय मेहता के साथ इस सफर की शुरुआत की थी। नीलय का खेल समाप्त होने के बाद भी वह लगातार बिजल का हौसला बढ़ाते रहे।



बिजल की ऐतिहासिक जीत पर शो के होस्ट अनिल कपूर ने कहा, "बिजल ने पहले ही एपिसोड में दिखा दिया कि 'इंडिया के टॉप 1%' तक पहुंचने के लिए सिर्फ प्रेजेंस ऑफ माइंड और स्ट्रीट-स्मार्ट सोच की जरूरत होती है। वह पूरे खेल के दौरान शांत, सतर्क और हर चुनौती के लिए तैयार रहीं। हमारी ग्रैंड ओपनिंग इससे ज्यादा धमाकेदार नहीं हो सकती थी। बिजल हमारी पहली विजेता हैं और मुझे इस बात पर खास गर्व है कि यह ऐतिहासिक जीत एक महिला के नाम रही। उन्होंने सच में साबित कर दिया कि वह 'इंडिया के टॉप 1%' में शामिल हैं!"

अपनी जीत की खुशी साझा करते हुए बिजल शाह ने कहा, "94 लाख जीतना और शो की पहली विजेता बनना आज भी किसी सपने जैसा लग रहा है। मैंने एक समय में सिर्फ एक सवाल पर ध्यान दिया और खुद पर भरोसा बनाए रखा। यह जीत मेरे लिए बेहद खास है। मुझे सच में लगता है कि पूरे खेल के दौरान मेरे पिता का आशीर्वाद और मेरे बेटे प्रणित की किस्मत मेरे साथ थी।





# कैटरीना की बहन पर आया सनी का दिल?

**मुंबई :** तुर्की की तस्वीरों ने खोला राज

बॉलीवुड की गलियों में इन दिनों एक नई डेटिंग की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। नाम है सनी कौशल और कैटटरीना कैफ की बहन इसाबेल कैफ। सनी और शरवरी करीब छह साल तक साथ रहे, लेकिन २०२५ में दोनों के रास्ते अलग होने की खबरें आईं। अब ब्रेकअप के बाद सनी का नाम इसाबेल के साथ जोड़ा जा रहा है। माजरा शुरू हुआ तुर्की वेकेशन की तस्वीरों से। सोशल मीडिया पर फैंस ने दोनों की पोस्ट खंगालीं तो लोकेशन, बैकग्राउंड और तस्वीरों में कई समानताएं नजर आईं।

बस फिर क्या था, इंटरनेट की गॉसिप फैक्ट्री तुरंत चालू हो गई और सवाल उठने लगा कि क्या दोनों ने साथ में छुट्टियां बिताईं ? हालांकि, सनी और इसाबेल दोनों ने इन अफवाहों पर अब तक चुप्पी साध रखी है।

कुछ लोग इसे दोस्ती बता रहे हैं, तो कुछ को तस्वीरों में 'कुछ ज्यादा' नजर आ रहा है। अब सच क्या है, यह तो दोनों ही जानें!

# आम्रपाली का बिग बॉस पर वार 'टीवी स्टार्स का अवॉर्ड फंक्शन है क्या?'



**मुंबई :** बिग बॉस के घर में इन दिनों टास्क कम और तकरार ज्यादा देखने को मिल रही है। आसिफ खान, रोहड़ खान और स्काउटओपी के नॉमिनेशन के बाद मामला गरमा गया है। आसिफ ने शो को अनफेयर बताते हुए मेकर्स पर रोहड़ को टारगेट करने का आरोप लगाया। अब भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे भी उनके समर्थन में उतर आई हैं। आम्रपाली ने बिग बॉस पर टीवी स्टार्स को ज्यादा तवज्जो देने का आरोप लगाते हुए तंज कसा कि अगर इतना ही टीवी स्टार्स के लिए करना है तो शो का नाम 'बिग बॉस' की जगह 'आईटीए अवॉर्ड्स' ही रख दीजिए। उन्होंने कहा कि दूसरे जॉनर के कंटेस्टेंट्स भी शो में अपने असली इमोशंस दिखा रहे हैं। वहीं आसिफ का गुस्सा सातवें आसमान पर दिखा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वह दर्शकों को हंसा-रुला रहे हैं, फिर भी सवाल उठ रहा है कि वो नजर नहीं आ रहे। आखिर अब क्या करें, 'अपना सिर काट दें?' इतना सुनते ही मामला और भी गरमा गया।

# 85 साल की उम्र में भी किसानों के लिए लड़ेंगे शरद पवार, सूखा राहत दिलवाने को लिए महाराष्ट्र का करेंगे दौरा...

**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के साथ देश के कृषि मंत्री का दायित्व संभाल चुके शरद पवार किसानों को सूखा राहत दिलाने के लिए खुद मैदान में उतरेंगे। कम बारिश की वजह से सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहे किसानों का हाल जानने के लिए एनसीपी प्रमुख शरद पवार 28 सितंबर से सूखाग्रस्त इलाकों का दौरा शुरू करेंगे। एनसीपी शरद पवार गुट के एक नेता ने कहा कि विदर्भ, मराठवाड़ा और उत्तर महाराष्ट्र के ज्यादातर जिलों में किसान सूखे का सामना कर रहे हैं। सरकार 5 अक्टूबर के बाद सर्वे शुरू करेगी तब तक किसानों का सब कुछ समाप्त हो जायेगा। सरकार सिर्फ जुबानी और कागजी कार्यवाही करके कोटा पूरा करना चाहती है जबकि किसानों तत्काल आर्थिक मदद की जरूरत है।

**19 जिले हैं सूखाग्रस्त**

शरद पवार 85 साल के हैं। रोहित पवार ने यह ऐसे वक्त पर किया जब कांग्रेस पहले ही अल्टीमेटम दे चुकी है कि सरकार



किसानों को आर्थिक मदद दे नहीं तो राज्य में मंत्री घूम नहीं पाएंगे। किसानों का सूखे से बुरा हाल है, ज्यादातर जिलों में खरीफ की फसल बर्बाद हो गई है, खाद और बीज खेतों में डाल के बावजूद किसानों के हाथ खाली हैं ऐसे में किसानों को तत्काल आर्थिक मदद दिया जाए और इन जिलों को सूखाग्रस्त घोषित की जाए। राज्य के 36 जिलों में से 19 पूरी तरह से सूखाग्रस्त हैं। पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने इससे पहले देवेंद्र फडणवीस सरकार को पत्र लिख कर सूखाग्रस्त किसानों को प्रतिहेक्टेयर 50 हजार रुपये देने की मांग की थी।

**रोहित पवार पहले से कर रहे दौरा**

एनसीपी शरद पवार गुट के ही विधायक रोहित पवार ने रविवार से मराठवाड़ा के सूखाग्रस्त जिलों का दौरा शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा है कि सरकार जल्द से जल्द किसानों को आर्थिक मदद मुहैया कराए, नहीं तो वह सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल बारिश न होने के कारण बर्बाद हो गई है। किसान परेशान है जबकि सरकार खानापूर्ति के लिए 5 अक्टूबर का इंतजार कर रही है।

## इंडिगो की विमान परिचालिका की मौत...
### वाहन चालक पर मामला दर्ज




**बोरीवली :** बोरीवली में एक कैब, पुल की सुरक्षा दीवार से टकरा गई, जिससे उसमें सवार इंडिगो एयरलाइंस की 32 वर्षीय विमान परिचालिका की सिर पर गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मीरा रोड की रहने वाली कैनूर मिस्त्री कैब से शुक्रवार तड़के काम से घर लौट रही थीं तभी यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि चालक विजय खोसे (25) ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया जिसके कारण कैब पश्चिमी एक्सप्रेस राजमार्ग पर पुल की सुरक्षा दीवार से जा टकराई। मिस्त्री की शनिवार शाम मौत के बाद पुलिस ने खोसे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) के तहत लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया और जांच के लिए पेश होने का नोटिस दिया। अधिकारी ने बताया कि हादसे में चालक को चोट नहीं आई थी। राहगीरों की मदद से उसने मिस्त्री को मीरा रोड के एक अस्पताल पहुंचाया। एयरलाइन ने 'केबिन क्रू' को लाने-ले जाने के लिए एक निजी एजेंसी के जरिए यह कैब किराये पर ली थी।

## महाराष्ट्र में 60 फीसदी न्यायिक पद खाली, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने जताई चिंता...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की अदालतें जजों की भारी कमी से जूझ रही है, जिससे न्याय व्यवस्था पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है. इसपर बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने गंभीर चिंता जताई है. राज्य कानून और न्याय विभाग द्वारा हाई कोर्ट में दाखिल किये गए एक ताजा हलफनामे में यह रिक्त पदों की जानकारी सामने आई है. हलफनामे के अनुसार, वर्तमान राज्य में स्वीकृत कुल न्यायिक पदों में से 60 प्रतिशत पद खाली हैं. बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस (उख) महेश चंद्र त्रिपाठी ने खाली पदों को भरने के लिए तुरंत कदम उठाने को कहा है.



**कितने पद खाली हैं?**

हलफनामें में बताया गया है कि महाराष्ट्र में 5,195 में से केवल 2,116 पद ही भरे हुए हैं पद रिक्त हैं. तक पद खाली, 23.7 प्रतिशत न्यायिक पद रिक्त हैं. महाराष्ट्र में 5,247 में से 4,350 कार्यरत और 897 पद रिक्त हैं. इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, 16 सितंबर को सिविल जज (जूनियर डिवीजन) और खटऋ पदों पर नियुक्ति से जुड़ी याचिकाओं पर हाई कोर्ट ने सुनवाई की. सुनवाई के दौरान सीजे महेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा, ''जहां तक महाराष्ट्र में न्यायिक अधिकारियों की बात है, प्रशासनिक स्तर पर राज्य की स्थिति बहुत गंभीर, जहां 50 प्रतिशत से अधिक पद खाली हैं. मैंने पहले ही एक कमेटी बना दी है ताकि हम इसे पब्लिक सर्विस कमीशन को भेज सकें.'' सीजे ने कहा कि न्यायिक बुनियादी ढांचे और कैडर की संख्या की समीक्षा के दौरान उन्होंने रिक्त पदों के कारण होने वाले संकट को भांप लिया था.

**अदालतों में 61 लाख से अधिक मामले लंबित**

न्यायिक पदों के खाली होने की खबर ऐसे समय में सामने आई है जब नेशनल महाराष्ट्र की जिला, सेशन और मजिस्ट्रेट अदालतों में 61 लाख से अधिक मामले लंबित हैं. ये जानकारी ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड द्वारा साझा की गई थी.

### 14 फीट से ऊंची झोपड़ियों पर कार्रवाई रोकने की मांग
## भाजपा सभागृह नेता गणेश खणकर ने मनपा आयुक्त को लिखा पत्र...

**मुंबई :** झोपड़पट्टियों में 14 फीट या उससे अधिक ऊंचाई वाले अनधिकृत निर्माणों पर प्रस्तावित कार्रवाई को स्थगित करने की मांग भाजपा के सभागृह नेता गणेश खणकर ने की है। उन्होंने इस संबंध में बीएमसी आयुक्त अश्विनी भिडे को पत्र भेजकर कार्रवाई पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। बीएमसी प्रशासन ने एक अक्टूबर से 31 दिसंबर 2026 तक झोपड़पट्टी क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की घोषणा की है। इसके तहत 14 फीट या उससे अधिक ऊंचाई वाली झोपड़ियों



पर कार्रवाई की जाएगी। बीएमसी ने संबंधित निवासियों से अपील की है कि वे अपने अनधिकृत निर्माण स्वयं हटा लें, अन्यथा प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाएगी। बीएमसी के मुताबिक अतिरिक्त आयुक्त (शहर) प्राजक्ता वर्मा-लवंगारे के मार्गदर्शन और सह आयुक्त (दक्षता) देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। झोपड़पट्टी क्षेत्रों में विशेष अभियान की घोषणा 19 सितंबर को की गई थी। खणकर ने अपने पत्र में कहा है कि फिलहाल मुंबई में गणेशोत्सव चल रहा है और इसी दौरान झोपड़पट्टी क्षेत्रों में कार्रवाई की घोषणा से लोगों में भय का माहौल बना है। इससे पहले समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख और कांग्रेस के गटनेता अशरफ आजमी भी प्रस्तावित कार्रवाई का विरोध कर चुके हैं। खणकर के अनुसार, 14 फीट से अधिक ऊंचाई वाली झोपड़ियों को नोटिस देने के निर्देश से लोगों में चिंता बढ़ी है।

## उच्च शिक्षा में एआई को मिलेगा बढ़ावा...एआई, डेटा एनालिटिक्स एंड डैशबोर्ड गवर्नेंस कमेटी गठित

**मुंबई :** महाराष्ट्र के उच्च व तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डेटा एनालिटिक्स के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने उच्च स्तरीय समिति गठित की है। 'एआई, डेटा एनालिटिक्स एंड डैशबोर्ड गवर्नेंस कमेटी' शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और डेटा आधारित बनाने के लिए विभागीय डैशबोर्ड व डिजिटल प्रणालियों में एआई, प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स और डिसीजन सपोर्ट सिस्टम के उपयोग की रूपरेखा तैयार करेगी।



10 सदस्यीय समिति के अध्यक्ष कोल्हापुर स्थित शिवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) रजनीश कामत होंगे। समिति में उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग के सह सचिव, उप सचिव, आईटी विशेषज्ञ और सांख्यिकी अधिकारी शामिल होंगे। उच्च शिक्षा निदेशालय के परियोजना प्रबंधक प्रशांत सिनलकर को सदस्य सचिव बनाया गया है। समिति राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभाग, निदेशालयों, मंडलों और विश्वविद्यालयों में एआई के इस्तेमाल की दीर्घकालिक रणनीति और रोडमैप तैयार करेगी। छात्रों के पंजीकरण, परीक्षा परिणाम, छात्रवृत्ति, कॉलेजों की संबद्धता और शोध से जुड़े आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर डेटा आधारित निर्णय लेने की व्यवस्था विकसित की जाएगी।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर 4 ए, फ्लोर-जीआरडी, 29 डी, शबन हाउस, वंजावाडी लेन, माहिम वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र - 400016 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhani.com